# छात्रवृत्ति योजनाएं
# Merit Scholarship Schemes

सीबीएसई उन मेधावी एकल बालिका छात्राओं को मेरिट छात्रवृत्ति प्रदान करता है जो अपने माता–पिता की एक मात्र संतान हैं तथा जिन्होने सीबीएसई की कक्षा–10 परीक्षा मे 60 प्रतिशत अथवा अधिक अंकों के साथ उत्तीर्ण हो और कक्षा–11 तथा 12 में अध्ययन जारी रख रही हो। इस योजना का उद्देश्य बालिकाओं में शिक्षा को बढ़ावा देने में माता–पिता के प्रयासों का सम्मान करना तथा मेधावी छात्राओं का उत्साहवर्धन करना है।

वर्ष 2008 से मानव संसाधन विकास मंत्रालय, उच्च शिक्षा विभाग द्वारा शुरू की गई केन्द्रीय सेक्टर छात्रवृत्ति योजना के लिए सीबीएसई से सम्बद्धता प्राप्त विद्यालयों के विद्यार्थी भी पात्र है। निम्न आय वाले मेघावी छात्रों को कक्षा 12 के परिणाम के आधार पर हर वर्ष 82000 छात्रवृत्तियां प्रदान की जाती है। न्यूनतम विच्छेदक (कट ऑफ) 80 प्रतिशत अंकों के आधार पर छात्रवृत्ति की कुल संख्या को राज्य बोर्डों, सीबीएसई, आईसीएसई में विभाजित किया जाता हैं। एक बोर्ड को आवंटित छात्रवृत्तियों की संख्या को विज्ञान, वाणिज्य तथा मानविकी शाखाओं में उत्तीर्ण होने वालों के मध्य 3:2:1 के अनुपात में वितरित किया जाता है। छात्रवृत्ति की दर स्नातक स्तर पर महाविद्यालय / विश्वविद्यालय कोर्सों के पहले तीन वर्षों के लिए रू0 1000 / –प्रतिमाह तथा स्नातकोत्तर स्तर पर रू0 2000 / –प्रतिमाह है। व्यावसायिक कोर्स करने वाले छात्र चौथे तथा पांचवें वर्ष में रू0 2000 / –प्रतिमाह की दर से प्राप्त करेंगे। एक शैक्षणिक वर्ष में छात्रवृत्ति 10 माह के लिए प्रदान की जाती है।

The Central Board of Secondary Education awards a merit Scholarship for the meritorious Single Girl Students, who are the only child of their parents and have passed the CBSE Class X Examination with 60% or more marks and are continuing their further school education in Class XI and XII. The scheme is aimed to recognise the efforts of the parents in promoting education among girls and to provide encouragement to meritorious students.

From 2008, students from CBSE affiliated schools are also eligible for the Central Sector Scheme of Scholarship introduced by the Ministry of Human Resource Development, Department of Higher Education. 82000 Scholarships per year are awarded for graduate/ post graduate studies to meritorious students from low income families on the basis of class XII results. Based on the minimum cut off (80% marks) the total number of scholarships are divided among the State Boards, CBSE and ICSE. The number of scholarships allotted to a Board are distributed among the pass outs of Science, Commerce and Humanities Streams in the ratio of 3:2:1. The rate of scholarship is Rs.1000/- per month at Graduation level for first three years of College and University courses and Rs.2000/- per month at Post Graduation level. Students pursuing professional courses would get Rs.2000/- per month in the 4th and 5th year. The scholarship is paid for 10 months in an academic year.

## वर्ष 2009–2010 के दौरान प्रदान की गई छात्रवृत्ति तथा वितरित की गई राशि का विवरण

| क्रम सं. | छात्रवृत्ति योजनाएं | प्रदान की गई छात्रवृत्तियों की संख्या | छात्रवृत्ति की स्वीकृत राशि (रूपयों में) |
|---|---|---|---|
| 1 | एकल बालिका X 2009 | 1634 | 98,04,000/– |
| 2. | पूर्व स्नातक 2009 | 300 | 18,00,000/– |
| 3. | एआईईईई, 2009 | 307 | 36,84,000/– |
| 4. | एआईपीएमटी, 2009 | प्रक्रियाधीन | |
| | **कुल** | **2241** | **1,52,88,000/–** |

## वर्ष 2009–2010 के दौरान नवीकृत छात्रवृत्तियों का विवरण

| क्रम सं. | छात्रवृत्ति योजनाएं | | नवीकरण छात्रवृत्ति की संख्या | स्वीकृत छात्रवृत्ति राशि (रूपये में) |
|---|---|---|---|---|
| **1.** | **एकल बालिका संतान X 2008** | | **800** | **48,00,000/–** |
| **2** | यू जी 2007 – | 59 | | |
| | यू जी 2008 – | 149 | **208** | **12,48,000/–** |
| **3.** | **एआईईईई** | | | |
| | एआईईईई 2006– | 243 | | |
| | एआईईईई 2007– | 267 | | |
| | एआईईईई 2008– | 269 | **779** | **93,48,000/–** |
| **4** | **एआईपीएमटी** | | | |
| | एआईपीएमटी, 2006– | 072 | | |
| | एआईपीएमटी, 2007– | 058 | | |
| | एआईपीएमटी, 2008– | 126 | **256** | **30,72,000/–** |
| | **कुल** | | **2043** | **1,84,68,000/–** |

## महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय विद्यार्थियों को प्रदान की गई केन्द्रीय सेक्टर छात्रवृत्ति योजना के तहत प्रदान की गई छात्रवृत्तियां तथा वितरित धनराशि का विवरण

| क्रम सं. | छात्रवृत्ति योजनाएं | प्रदान की गई छात्रवृत्तियों की संख्या | छात्रवृत्ति की स्वीकृत राशि (रूपयों में) |
|---|---|---|---|
| 1. | सीएसएसएस–2008 | 5413 | 5,41,30,000/– |
| 2. | सीएसएसएस–2008 | प्रक्रियाधीन | |

## Details of Scholarships Awarded and Amount Disbursed during the Year 2009–2010

| Sl.No. | Scholarship Schemes | No. of Scholarships Awarded | Scholarship Amount Sanctioned (in Rupees) |
|---|---|---|---|
| 1 | Single Girl Child X 2009 | 1634 | 98,04,000/- |
| 2 | Under Graduate 2009 | 300 | 18,00,000/- |
| 3 | AIEEE 2009 | 307 | 36,84,000/- |
| 4 | AIPMT 2009 | Under Process | |
| | **Total** | **2241** | **1,52,88,000/-** |

## Details of Scholarships Renewed during the Year 2009–2010

| Sl.No. | Scholarship Schemes | | No. of Scholarships Renewed | Scholarship Amount Sanctioned (in Rupees) |
|---|---|---|---|---|
| **1** | **Single Girl Child X 2008** | | 800 | 48,00,000/- |
| **2** | **Under Graduate** | | | |
| | UG 2007 - | 59 | | |
| | UG 2008 - | 149 | **208** | 12,48,000/- |
| **3** | **AIEEE** | | | |
| | AIEEE 2006 - | 243 | | |
| | AIEEE 2007 - | 267 | | |
| | AIEEE 2008 - | 269 | **779** | 93,48,000/- |
| **4** | **AIPMT** | | | |
| | AIPMT 2006 - | 072 | | |
| | AIPMT 2007 - | 058 | | |
| | AIPMT 2008 – | 126 | **256** | 30,72,000/- |
| | **Total** | | **2043** | **1,84,68,000/-** |

## Details of Scholarships Awarded under the Central Sector Scheme of Scholarship for College & University Students and Amount Disbursed

| Sl.No. | Scholarship Schemes | No. of Scholarships Awarded | Scholarship Amount Sanctioned (in Rupees) |
|---|---|---|---|
| 1 | CSSS-2008 | 5413 | 5,41,30,000/ |
| 2 | CSSS-2009 | Under Process | |

# शैक्षणिक क्रियाकलाप
# Academics Activities

## पाठ्यचर्या अद्यतन करने की प्रक्रिया में कुछ मुख्य बदलाव इस प्रकार थे:

- परीक्षा सुधार के लिए नीति निर्णयों के अनुकूल, कक्षा 9 और 10 के पाठ्यक्रम का पुनर्गठन किया गया, जिसमें सतत एवं व्यापक मूल्यांकन को सुदृढ़ बनाने एवं रचनात्मक और योगात्मक निर्धारण की भूमिका पर बल दिया गया।
- ऐसे पुर्नगठन में दो सत्रों के लिए पाठ्यक्रम वितरित किया गया, प्रश्न पत्रों के नये डिजाईन को शामिल करने के लिए पाठ्यक्रम अद्यतन किया गया।
- रचनात्मक एवं योगात्मक निर्धारण के लिए मार्गदर्शिका तैयार किये गये।
- जहां भी उपयुक्त हो क्षेत्रीय भाषाओं के पाठ्यक्रम में संबंधित राज्य बोर्ड के पाठ्यक्रम के अनुरूप्य बदलाव किये गये।
- पाठ्यक्रम दस्तावेज 2011 के हिंदी रूपान्तरण का मुद्रण भी कराया गया।

## पाठ्यचर्या में नये प्रयास

- एनसीईआरटी द्वारा तैयार पाठ्यक्रम के आधार पर कक्षा –11 में नये वैकल्पिक ''हैरिटेज क्राफ्ट'' और ''ग्राफिक डिजाइन'' विषय शुरू किए गए।
- दो नये पाठ्यक्रम टंघकूल तथा बोड़ो भाषाओं वर्ष 2010–11 में कक्षा 9 और 11 में लागू किए जाएंगे तथा इन्हें कक्षा 10 और 12 तक बढ़ाया जाएगा। पाठ्यक्रम एवं पाठ्यपुस्तकों का आगे निर्धारण करने के लिए पाठ्यक्रम समिति का गठन किया गया।

## Some of the Major Changes in the Process of Updating the Curriculum were:

- Syllabi in classes IX and X, was reorganised based on the policy decisions on examination reforms while reinforcing the Continuous and Comprehensive Evaluation and emphasizing the role of Formative and Summative Assessments in pedagogy.
- Such reorganisation comprised of distributing the syllabus over two terms, syllabus was updated to cater to new design of question papers.
- Preparation of guidelines for Formative and Summative Assessments.
- Changes were effected in syllabi of regional languages in consonance with the respective State Board syllabi wherever applicable.
- The Hindi version of the curriculum document 2011 was also printed.

## New Curriculum Initiatives

- New electives "Heritage Crafts" and "Graphic Design" were introduced in class XI on the basis of Syllabi and text books prepared by NCERT.
- Two new courses in the languages of Tanghkul and Bodo will be introduced in class IX and XI in 2010-11 and extended to classes X and XII. The course committees were constituted for further prescription of syllabi and text books.

- भाषा मलेयू का विस्तार कक्षा 11 तक किया गया और इसका प्रथम बैच वर्ष 2011 की बोर्ड की परीक्षा में शामिल होगा। मलेशियन बोर्ड द्वारा तैयार पाठ्यक्रम एवं पाठ्यपुस्तकों को अनुकूल बनाया गया।
- वर्ष 2008–09 में कक्षा 8 में जापानी भाषा आरंभ किए जाने के अनुक्रम में कक्षा 9 और 10 के लिए भी पाठ्यक्रम तैयार किया गया। पाठ्यक्रम के साथ–साथ पाठ्यसामग्री तैयार करने के लिए बोर्ड ने जापानी फाउण्डेशन के साथ सहयोग किया। कक्षा–9 में जापानी भाषा इस वर्ष से शुरू की गई।
- जर्मन भाषा का पाठ्यक्रम इस वर्ष कक्षा–7 तक बढ़ाया गया। बोर्ड ने विषय की पाठ्यसामग्री एवं पाठ्यक्रम तैयार करने के लिए गोथे इन्स्टीट्यूट, मैक्स मूलर भवन के साथ सहयोग किया

## अन्य प्रयास

- वर्ष 2010–11 में कक्षा 9 और 11 में लागू किए जाने वाली अरेबिक भाषा के लिए पाठ्य सामग्री तैयार की गई।
- इन्फारमेटिक्स प्रैक्टिस के लिए पाठ्य सामग्री तैयार करने की भी कार्रवाई की गई।
- जीवन कौशल, प्रश्न–पत्रों के पेटर्न तथा रचनात्मक निर्धारण कार्यों में बदलाव को शामिल करने के लिए 'इन्टरएक्ट इन इंगलिश लिटरेचर रीडर, इन्टरएक्ट इन इंगलिश मेन कोर्स बुक तथा इन्टरएक्ट इन इंगलिश वर्क बुक के संबंध में कम्यूनिकेटिव इंगलिश में कोर्स के लिए कक्षा 9 की पाठ्यपुस्तकों को पूर्ण रूप से संशोधित किया गया।
- कक्षा 12 के लिए एप्लाइड फिलोसोफी विषय में पूरक ई–लर्निंग सामग्री विकसित की गई और बोर्ड की वेबसाइट पर भी डाली गई।

- Bhasa Maleyu was extended to class XI and the first batch will be appearing for the board exam of class XII in 2011. The syllabi and text books prepared by the Malaysian board have been adopted and adapted.
- As a sequel to the introduction of Japanese language in class VIII in 2008-09, class IX and X syllabi were prepared adopting the communicative approach. The Board has collaborated with the Japanese Foundation in the preparation of syllabus and the textual materials. Japanese language has been introduced in class IX this year.
- German language course has been extended to Class VII this year. The board collaborated with the Goethe Institute, Max Muller Bhawan in the preparation of syllabi and textual materials in the subject.

## Other Initiatives

- Textual materials were prepared in Arabic for classes IX and XI to be introduced in 2010-11
- Preparation of textual materials for Informatics practices was also initiated.
- Class IX text books for the Course in Communicative English were revised thoroughly in respect of Interact in English Literature Reader, Interact in English Main Course Book, and Interact in English Workbook to include life skills, changes in pattern of questions and formative assessment tasks.
- E-learning material in the subject of Applied Philosophy for Class XII was developed and posted on the website.

- माध्यमिक कक्षाओं में विज्ञान प्रैक्टिकल और गणित प्रयोगशाला को सुदृढ़ बनाने के लिए कक्षा 3 से 8 तक के लिए गणित में व कक्षा 8 के लिए विज्ञान में क्रियाकलाप विकसित किए गए।

## मास मीडिया अध्ययन (शैक्षणिक चयनात्मक ) और मास मीडिया अध्ययन तथा मीडिया प्रोडक्शन (व्यावसायिक पैकेज)

एक शैक्षणिक चयनात्मक मास मीडिया अध्ययन और एक व्यावसायिक पैकेज जिसे मास मीडिया अध्ययन तथा मीडिया प्रोडक्शन कहा जाता है को कक्षा XI तथा XII के छात्रों के लिए इस शैक्षणिक वर्ष से आरंभ किया गया है। छात्रों के शैक्षणिक प्रशिक्षण में शामिल कार्यरत पेशेवरों द्वारा डिजाइन किया गया कोर्स मास मीडिया को समझने के लिए एक व्यवहारिक दृष्टिकोण अपनाता है। चयनात्मक विषय के रूप में, चार चयनात्मक विषयों में से एक और पहले से उपलब्ध विषयों में से चयन किए गए एक शैक्षणिक विषय के साथ एक अतिरिक्त विषय का चयन किया जा सकता है। मास मीडिया अध्ययन का उद्देश्य मास मीडिया तथा फिल्म के क्षेत्र में तथा फिल्म, टी.वी,, विज्ञापन फिल्म एवं प्रिंट लेखों के विश्लेषण की पद्धति में प्रवीणता अर्जित करने के अवसर प्रदान करना है।

छात्रों की इच्छा पर मास मीडिया तथा मीडिया प्रोडक्शन पर आधारित व्यासायिक कोर्सो में से चयन के लिए दो विषयों के साथ तीन/चार अन्य विषय भी लिए जा सकते है। मास मीडिया अध्ययन तथा मीडिया प्रोडक्शन संबंधी व्यावसायिक कोर्सो का उद्देश्य मीडिया एवं मनोरंजन उद्योग के विचार से अन्तिम रचना तक के विभिन्न खण्डों तथा विभिन्न अवस्थाओं की विषय के रूप में जानकारी देना है।

मीडिया एवं मनोरंजन उद्योग के मुख्य उपशीर्ष जिन्हें व्यापक रूप से शामिल किया जाएगा वे है – टीवी

- To strengthen Maths laboratory and science practical in secondary classes, activities were developed for classes III to VIII in Maths and in Science for class VIII.

## Mass Media Studies (Academic Elective) and Mass Media Studies and Media Production (Vocational Package)

An Academic Elective Mass Media Studies and a vocational package called Mass Media Studies and Media Production for the students of classes XI and XII have been introduced from this academic year. Designed by practicing professionals involved in the academic training of students, the course adopts a practical approach to the understanding of mass media. The Elective may be offered as one of the four Elective subjects and also an additional elective in combination with any of the academic electives already available. Mass media studies are aimed to provide opportunities in the field of Mass Media and Film and in gaining proficiency in the methods of Analysis of Film, TV, Ad Films and Print Articles.

The vocational course having two electives based on Mass Media and Media production with three/four other electives may be offered to aspiring students. The vocational course on Mass Media Studies and Media Production is aimed at various stages of content preparation in multiple segments of the Media & Entertainment Industry from the idea to the finished product.

The key sub-verticals of the Media & Entertainment Industry that will be covered extensively are – TV (including News), Motion

(समाचार सहित) चल चित्र, एनिमेशन, संगीत, रेडियो, इंटरनेट, विज्ञापन, मुद्रण एवं प्रकाशन, अन्य शीर्षों को आधारभूत स्तर पर सम्मिलित किया जाएगा।

## पोर्टफोलियो निर्धारण एवं प्रशिक्षुता (शैक्षणिक स्वेच्छिक तथा व्यावसायिक पैकेज दोनों के लिए)

### निर्धारण की विशेष विशिष्टताएं

पोर्टफोलियो में कोर्स की अवधि के दौरान सभी लिखित प्रस्तुतीकरणों का संकलन समाहित होगा। नियत कार्य में लिखित, प्रोजेक्ट कार्य तथा प्रोडक्शन आउटपुट शामिल होंगे।

## प्रशिक्षु कार्यक्रम

यह कोर्स लेने वाले सभी छात्रों को सीबीएसई द्वारा अनुमोदित संस्थान में एक सप्ताह गहन प्रशिक्षण लेना होगा। एक सप्ताह अवधि के गहन प्रशिक्षण में प्रोजेक्ट कार्य का एक घटक होगा जिसका मूल्यांकन संस्थान के परीक्षकों द्वारा किया जाएगा।

## निर्धारण और मूल्यांकन

- बोर्ड परीक्षा 2009 के लिए आंतरिक निर्धारण के एक भाग के रूप में प्रोजेक्टों के माध्यम से आपदा प्रबंधन का मूल्यांकन करने का निर्णय लिया गया। सामाजिक विज्ञान के शेष चार घटकों के बीच बोर्ड परीक्षा में आपदा प्रबंधन में थ्योरी के लिए आवंटित आठ अंकों का पुनर्वितरण करने के बारे में विद्यालयों को अवगत कराया गया। ऐसा मुख्यतः नए एनसीएफ 2005 के पाठ्यचर्या में आपदा प्रबंधन सिद्धांत को एकीकृत करने के विचार के व्यवहारिक उपयोग पर जोर देने के लिए किया गया। तथापि बोर्ड परीक्षा 2010 के लिए विषय के चार घटकों के अंकों का समान वितरण किया गया।

Pictures, Animation, Music, Radio, Internet, Advertising, Print & Publishing. The other verticals will be covered at the basic level.

## Portfolio Assessment and Apprenticeship (for both Academic Elective and Vocational Package)

### Special Features of Assessment

The Portfolio will consist of a compilation of all written submissions over the duration of the course. The assignments would include written, project work and production output.

## Apprentice Programme

All students who take this course will have to take one week intensive training at an institution approved by CBSE. The week long intensive training will also have a component of project work which will be assessed by the examiners of the institution.

## Assessment and Evaluation

- It was decided to evaluate disaster management through projects as a part of internal assessment. Redistribution of 8 marks allotted to theory in disaster management in the board exam among the remaining four components of social science was thus conveyed to schools for the year 2009 board examination. This was mainly done in view of integrating the disaster management theory across the disciplines in the new NCF 2005 curriculum and to emphasize the practical utility. However the emphasis of NCF 2005 on equal distribution of marks over the four components of the subject was been carried out for the board exam 2010.

- बोर्ड परीक्षा 2009 से आगे कक्षा 10 में प्रायोगिक कौशल के निर्धारण में कक्षा 9 प्रायोगिक के समावेशन के साथ प्रायोगिक कौशल संबंधी पुस्तक में संशोधन किया गया और विद्यालयों को उपलब्ध कराई गई।
- समाज–शास्त्र में प्रोजेक्ट छात्रों द्वारा ज्ञान का निर्माण करने वाला तथा उनमें सृजनात्मकता का विकास करने वाला न केवल एक साधन है बल्कि एक व्यक्ति में सामाजिक मुद्दे तथा चिंताओं के लिए सही विचार प्रदान करने के लिए तथा समस्या का समाधान करने के लिए क्षमता का निर्माण करने का एक प्रमुख सहयोगी है। वर्ष 2010 की बोर्ड परीक्षा के लिए सीनियर स्कूल में समाज–शास्त्र विषय में 20 अंकों के प्रोजेक्टों के एक बाह्य परीक्षा घटक की शुरूआत की गई।
- गणित प्रयोगशाला के माध्यम से माध्यमिक स्तर पर गणित में आतंरिक निर्धारण को सुदृढ़ बनाने के लिए बोर्ड द्वारा प्रकाशित पुस्तकों को संशोधित किया गया।
- मार्च 2010 की परीक्षा के लिए सभी विषयों के नमूने प्रश्न पत्रों को अंकन योजना सहित संशोधित किया गया और वेबसाइट पर डालने के साथ–साथ प्रकाशित भी कराया गया। पहली बार कक्षा 12वीं में कम्प्यूटर साइन्स, मल्टी मीडिया एवं टेक्नोलोजी, इन्फारमेटिक्स प्रैक्टिस, कृषि, गृह विज्ञान, इंजीनियरिंग ग्राफिक्स एवं कक्षा 10 में फाउण्डेशन ऑफ इन्फारमेशन टेक्नालॉजी के नमूने प्रश्न पत्र तैयार कराए गए।
- सभी 32 क्षेत्रीय भाषाओं व विदेशी भाषाओं के नमूने प्रश्न पत्र पहली बार तैयार किए गए और वेबसाइट पर डाले गए।

- With the inclusion of class IX practical in the assessment of practical skills in class X board exam from 2009 onwards the book on practical skills was revised and made available to schools.
- Projects in Sociology are not only a tool facilitating construction of knowledge by the students and fostering creativity in them, but also a major contributor in infusing the right attitude for social issues and concerns in an individual and capacity building for problem solving. An external examination component of projects in the subject of Sociology for 20 marks in senior school was introduced for board examination 2010.
- In order to strengthen the internal assessment in Mathematics at secondary level through maths laboratory the books published by the board were revised.
- Sample Question Papers along with marking schemes in all subjects were revised and uploaded on the Board's website for March 2010 examination as well as printed and published. Computer Science, Multi Media and Web Technology, Informatics Practices, Agriculture, Home Science, Engineering Graphics, in class XII and foundation of Information Technology in class X were prepared for the first time.
- Sample Question Papers were developed in 32 regional languages and foreign languages for the first time and uploaded on the website.

## संवर्धन क्रिया कलाप

- सीबीएसई हेरिटेज इण्डिया क्विजः हेरिटेज इण्डिया क्विज का संचालन अगस्त 2009 में किया गया तथा लगभग 2700 विद्यार्थियों ने भाग लिया। अक्टूबर से दिसम्बर 2009 तक आंचलिक दौर संचालित किया गया। राष्ट्रीय प्री–फाईनल एवं फाइनल, दिल्ली में आयोजित किए गया ।
- सीबीएसई नेशनल इन्फारमेटिक्स ओलम्पियाड दिसम्बर 2009 में आयोजित किया गया जिसमें देश व विदेश में 38 केन्द्रों पर 6000 विद्यार्थियों ने भाग लिया।
- सीबीएसई से सम्बद्ध विद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए गणित ओलम्पियाड का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 3500 विद्यार्थियों ने भाग लिया। 32 सफल विद्यार्थियों की सूची बोर्ड ऑफ हायर मैथमेटिक्स को भेजी गई।
- नेशनल इनोवेशन फाउंडेशन के सहयोग से इग्नाइट 2009 परियोजना के अधीन विद्यार्थियों से नवप्रवर्तनकारी एवं रचनात्मक अविष्कार आमंत्रित किए गए। जिनमें से कुछ को पेटेन्ट किया गया। कुल 1344 प्रविष्टियाँ प्राप्त हुई थी जो उर्जा, पर्यावरण, परिवहन, सामान्य घरेलु उपयोग की वस्तुएं एवं सामाजिक समस्याओं से संबंधित मुद्दों पर आधारित थी।

## Enrichment Activities

- Central Board of Secondary Education Heritage India Quiz: The Written Round of Heritage India Quiz was conducted in August 2009. Nearly 2700 students participated. Zonal rounds were conducted in October to December 2009. The National Pre-finals and finals were held in New Delhi.
- The CBSE National Informatics Olympiad was conducted in December 2009 in which over 6000 students participated at about 38 centers from all over India and abroad.
- Mathematics Olympiad was conducted for students of all CBSE affiliated Schools. Nearly 3500 students participated in this Olympiad. A list of 32 successful candidates was forwarded to the Board of Higher Mathematics.
- In collaboration with National Innovation Foundation innovative and creative inventions were invited under the IGNITE 2009 project, from students, some of which were patented. Over all 1344 entries were received, ranging from energy, environment, transport, general household utility items and even societal problems.

## सीबीएसई विज्ञान प्रदर्शनी

बोर्ड ने अगस्त 2009 में देश के विभिन्न 13 स्थानों पर क्षेत्रीय स्तर पर विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया। इस वर्ष की विज्ञान प्रदर्शनी की मुख्य विषयवस्तु थी ''सार्वभौमिक संधारणीयता के लिए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी''। इन प्रदर्शनियों में देश और विदेश से लगभग 1000 विद्यालयों ने भाग लिया ।

### प्रदर्शनी की उप–विषय वस्तु थी

- **कृषि और खाद्य सुरक्षा।**
- **ऊर्जा को कार्य में लगाना।**
- **प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण।**
- **जलवायु परिवर्तन का सामना करना।**
- **आपदा प्रबन्धन।**
- **गणितीय प्रतिरूपण।**

## प्रशिक्षण एवं सशक्तिकरण

### अध्यापक प्रशिक्षण

- लगभग 50 प्रधान प्रशिक्षकों (मास्टर ट्रेनर्स) को नए कोर्स इन्फारमेटिक्स प्रैक्टिस में प्रशिक्षित किया गया जिन्होंने पूरे देश के 1000 अध्यापकों को प्रशिक्षित किया। प्रशिक्षण माड्यूल विकसित किया गया एवं अध्यापकों को वितरित किया गया।
- बोर्ड परीक्षा 2010 के लिए कक्षा 12 के अर्थशास्त्र के पाठ्यक्रम में किए गए परिवर्तनों से परिचित कराने के उद्देश्य से पूरे देश के विद्यालयों के 30 वरिष्ठ अर्थशास्त्र पी.जी.टी. के लिए प्रधान प्रशिक्षक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिन्होंने आगे पूरे देश में 31 अभिविन्यास कार्यक्रमों में अर्थशास्त्र के 1054 अध्यापकों को प्रशिक्षित किया।
- सामाजिक विज्ञान, लेखा शास्त्र एवं इतिहास में भी लगभग 430 अध्यापकों के लिए अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित किये गये।

## CBSE Science Exhibition

The Board organised Regional Level Science Exhibitions at 13 venues in different parts of the country in the month of August, 2009. The main theme of this year's Science Exhibition was "Science and Technology for Global Sustainability". About 1000 schools from all across the country and overseas participated in these exhibitions.

### The Sub-themes of the Exhibition were

- **Agriculture and Food Security**
- **Harnessing Energy**
- **Conservation of Natural Resources**
- **Combating Climate Changes**
- **Disaster Management**
- **Mathematical Modelling**

## Training and Empowerment

### Teacher Training

- About 50 Master Trainers were trained in Informatics Practices who in turn trained more than 1000 teachers all over the country. Training module was developed and distributed to teachers.
- Master Trainers Programme was organised for 30 senior Economics PGTs from schools all over the country with the purpose to update them on changes made in the Economics syllabus of class XII for the board examination 2010 who in turn trained 1054 Economics teachers in 31 orientation programmes all over the country.
- Orientation programmes were also organised in Social Science, Accountancy and History for about 430 teachers.

बोर्ड ने वर्ष 2009–10 में प्रधानाचार्यों के लिए कार्यनीति नेतृत्व कार्यक्रम आई.आई.एम बैंगलूरु, लखनऊ और अहमदाबाद में आयोजित किय। चार कार्यक्रम आई.आई.एम. बैंगलूरु में, एक आई.आई.एम. अहमदाबाद में, दो आई. आई. एम. कोलकता और चार कार्यक्रम आई. आई. एम. लखनऊ में आयोजित किए गए जिसमें लगभग तीन सौ (300) प्रतिभागी आई.आई.एम. के प्रबंधन प्रोफेसरों की विशेषज्ञता से लाभान्वित हुए।

The Board organised the Strategic Leadership Programmes for Principals at IIM Bangalore, Lucknow and Ahmedabad in 2009-2010. Four Strategic Leadership Programmes for Principals were held at IIM Bangalore, one at IIM Ahmedabad and two programmes at IIM Kolkata and four programmes at IIM Lucknow in which approximately 300 participants benefited from the expertise of Management Professors of IIM.

**आईआईएम बैंगलूरू /IIM Bengaluru**

| कार्यक्रम<br>**Programme** | दिनांक<br>**Dates** | प्रतिभागियों की संख्या<br>**No. of participants** |
|---|---|---|
| 5वां आईआईएम बैंगलूरू<br>5th IIM Bengaluru | मई 18 – मई 22, 2009<br>May 18 – May 22, 2009 | 25 |
| 6ठा आईआईएम बैंगलूरू<br>6th IIM Bengaluru | जून 1 – जून 5, 2009<br>June 1 – June 5, 2009 | 25 |
| 7वां आईआईएम बैंगलूरू<br>7th IIM Bengaluru | अक्टू. 5 – अक्टू., 2009<br>Oct. 5 – Oct.9, 2009 | 25 |
| 8वां आईआईएम बैंगलूरू<br>8th IIM Bengaluru | 4–8 जनवरी, 2010<br>Jan 4-8 Jan.2010 | 25 |
| **आईआईएम लखनऊ/IIM Lucknow** | | |
| पहला आईआईएम लखनऊ<br>1st IIM Lucknow | जून 1 – जून 5, 2009<br>June 1 – June 5, 2009 | 26 |
| दूसरा आईआईएम लखनऊ<br>2nd IIM Lucknow | जून 15 – जून 19, 2009<br>June 15 – June 19, 2009 | 21 |
| तीसरा आईआईएम लखनऊ<br>3rd IIM Lucknow | 14–18 दिसम्बर, 2009<br>Dec 14-18 Dec. 2009 | 18 |
| चौथा आईआईएम लखनऊ<br>4th IIM Lucknow | 11–15 जनवरी, 2010<br>Jan 11-15 Jan.2010 | 15 |
| **आईआईएम अहमदाबाद /IIM Ahmedabad** | | |
| पहला आईआईएम अहमदाबाद<br>1st IIM Ahmedabad | अक्टू. 5 – अक्टू 10, 2009 (6 दिन)<br>Oct. 5 – Oct. 10, 2009 (six days) | 36 |
| **आईआईएम कोलकाता /IIM Kolkata** | | |
| पहला आईआईएम कोलकाता<br>1st IIM Kolkata | 26–30 दिसम्बर, 2009<br>Dec 26-30 Dec. 2009 | 20 |
| दूसरा आईआईएम कोलकाता<br>2nd IIM Kolkata | 18–22 जनवरी, 2010<br>Jan 18-22 Jan. 2010 | 15 |